हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


वन शहीद दिवस पर वन रक्षकों, रेंजरों और अन्य... 12


राज्यपाल सम्मानित शिक्षक शिवचरण ... 12



## आयोजन : नियद नेल्लानार योजना और पुनर्वास नीति से सशक्त हो रहा बस्तर

# बड़े सार्वजनिक निवेशों के साथ लगभग 1,000 करोड़ का निजी निवेश भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- 2100 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- औद्योगिक नीति 2024-30 ने दी बस्तर को नई उड़ान

बस्तर के विकास को गति देने के लिए सरकार ने 5200 करोड़ की रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें रावघाट, जगदलपुर नई रेल लाइन 3513.11 करोड़ और केके रेल लाइन कोत्तवलसा, किरंदुल के दोहरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। ये परियोजनाएं न केवल बस्तर में यात्रा, पर्यटन और व्यापार को नई दिशा देंगी, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और औद्योगिक अवसर भी सृजित करेंगी। इसके अलावा बस्तर में 2300 करोड़ की सड़क विकास परियोजनाएं भी स्वीकृत की गई हैं।

शासन ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर धमतरी,कांकेर,कोंडागांव ,जगदलपुर मार्ग का एक वैकल्पिक रास्ता बना रही हैं। यह रास्ता कांकेर, अंतागढ़, नारायणपुर के अबूझमाड़ होते हुए दंतेवाड़ा के बारसूर और आगे बीजापुर तक पहुंचेगा। इन परियोजनाओं से बस्तर के सभी जिलों तक पहुंचने के लिए कई रास्ते उपलब्ध होंगे। जिससे दूरियां कम होंगी और योजनाओं व विकास कार्यों की पहुंच और अधिक प्रभावी होगी।




### एनएमडीसी का 43 हजार करोड़ तथा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का 200 करोड़ का निवेश

*बड़े सार्वजनिक निवेशों के साथ-साथ लगभग 1,000 करोड़ का निजी निवेश भी सेवा क्षेत्र और एमएसएमई में किया जा रहा है। जगदलपुर में 350 बेड का मल्टी-स्पेशियलिटी निजी अस्पताल स्थापित होने जा रहा है। इसके लिए रायपुर स्टोन क्लिनिक प्रा. लि. को इनविटेशन टू इन्वेस्ट पत्र जारी किया गया है। 550 करोड़ रुपये के निवेश और 200 रोजगार अवसरों के साथ यह परियोजना बस्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को ऊंचाई देगी और इसे मेडिकल शिक्षा का केंद्र बनाएगी। इसके अतिरिक्त जगदलपुर में 33 करोड़ रुपये के निवेश से एक और मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल तथा नवभारत इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज द्वारा 85 करोड़ रुपये के निवेश से 200 बेड का मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित किया जाएगा। इससे सैकड़ों युवाओं को रोजगार मिलेगा।*




### 94.50 लाख की युवाओं को सहायता

पीएमईजीपी योजना अंतर्गत कांकेर जिले के हरीश कोमरा रेडीमेड गारमेंट्स 9 लाख, सुरेश बघेल हार्वेस्टर 20 लाख, बस्तर जिले के चंद्रशेखर दास मेसर्स दीक्षा टेंट हाउस 8.80 लाख और रेवेन्द्र राणा मेसर्स राणा मोबाईल रिपेयरिंग 7.50 लाख को सहायता दी गई। कोंडागांव जिले के सुरेश कुमार देवांगन मेसर्स किसान मितान एग्रो को ट्रैक्टर-ट्रॉली निर्माण हेतु 50 लाख का अनुदान स्वीकृत हुआ। इस प्रकार 94.50 लाख की राशि वितरित की गई। कांकेर जिले की साधना शर्मा मेसर्स महावीर वेयरहाउस को वेयरहाउस स्थापना के लिए 90 लाख की स्वीकृति मिली। बस्तर में अब तक 967 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए हैं, जिससे 2100 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### मुख्यमंत्री के 20 माह में 100 से अधिक दौरे

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पिछले 20 महीनों में बस्तर के 100 से अधिक स्थानों का दौरा कर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की नई उम्मीद और विश्वास का संचार किया है। नियद नेल्लानार योजना के तहत सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और संचार सुविधाएँ दूरस्थ इलाकों तक पहुंची हैं।

### खाद्य प्रसंस्करण में नई शुरुआत

बीजापुर, नारायणपुर, बस्तर और कोंडागांव में आधुनिक राइस मिल और फूड प्रोसेसिंग इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। जिससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए अनेक रोजगार अवसर सृजित होंगे। नारायणपुर जिले में पार्श्वा एग्रीटेक प्रतिवर्ष 2400 टन परबॉयल्ड चावल का उत्पादन करेगी। 8 करोड़ रुपये के निवेश और नए रोजगार के साथ यह परियोजना बस्तर की कृषि उपज को वैल्यू एडिशन का नया आधार देगी।

### वेलनेस और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में प्रगति

जगदलपुर में नमन क्लब एंड वेलनेस सेंटर 7.65 करोड़ रुपये के निवेश और 30 रोजगार अवसरों के साथ स्थापित हो रहा है। वहीं पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में एएस बिल्डर्स एंड ट्रेडर्स तथा सेलिब्रेशन रिजॉर्ट्स एंड होटल्स बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेंगे। बस्तर डेयरी फार्म प्रा. लि. 5.62 करोड़ रुपये का निवेश कर दुग्ध उत्पादन और प्रसंस्करण को गति देगा। पीएस ब्रिक्स और महावीर माइन्स एंड मिनरल्स जैसी कंपनियां ईंट और स्टोन क्रशर क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं, जिससे निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक्स और कोल्ड स्टोरेज

कांकेर, भानुप्रतापपुर और कोंडागांव में नए वेयरहाउसिंग केंद्र स्थापित हो रहे हैं। दंतेश्वरी कोल्ड स्टोरेज जैसी परियोजनाएं किसानों की उपज को लंबे समय तक सुरक्षित रखने बबार्दी घटाने और लाभ बढ़ाने में मदद करेंगी। मां दंतेश्वरी वेनियर्स और अली फर्नीचर जैसी इकाइयाँ बस्तर की पारंपरिक कारीगरी को आधुनिक बाजारों से जोड़ेंगी।

### आधुनिक उद्योगों की एंट्री

शंकरा लेटेक्स इंडस्ट्रीज 40 करोड़ रुपये के निवेश से सर्जिकल ग्लव्स निर्माण इकाई स्थापित करेगी जिससे 150 रोजगार अवसर सृजित होंगे। । पीएमएफएमई योजना अंतर्गत कांकेर, बस्तर और कोंडागांव जिलों के हितग्राहियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई। कांकेर जिले के मुकेश खटवानी मेसर्स रूद्रा फूड्स एंड बेवरेजेस को 35 लाख, बस्तर जिले की योगिता वानखेडे मेसर्स मां गृह उद्योग को 5 लाख तथा कोंडागांव जिले की रागिनी जायसवाल मेसर्स फिटनेस फ्यूल को 5 लाख एवं 9.50 लाख की स्वीकृति मिली। कुल 49.50 लाख से अधिक की सहायता दी गई।

# दिव्यांग भारत ने मुख्यमंत्री को डांस करके दिखाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्राम आड़ावाल में आयोजित दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 7 वर्षीय मासूम दिव्यांग से नाम पूछा और लगन के साथ पढ़ाई करने की बात कही। इसी तरह कु. कलावती से पूछा कि उन्होंने अपना पैर कैसे खोया। इस पर कलावती ने बताया कि 14 साल में काम करते समय करेंट की चपेट में आने से पैर पूरी तरह से निष्क्रिय हो गया। मुख्यमंत्री ने उनकी हौसला अफजाई करते हुए स्वरोजगार से जुड़ने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने दिव्यांग युवक सुशील कश्यप से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री के पूछे जाने पर सुशील ने बताया कि 5 माह पूर्व सीमेंट मिक्सर मशीन पर काम करने के दौरान उनका दायां हाथ मशीन की चपेट में आ गया और हाथ को काटना पड़ा। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए आगे की शिक्षा जारी रखने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने दिव्यांग भारत से भेंट कर उनकी दिव्यांगता के संबंध में जानकारी ली। भारत ने बताया कि 1998 में जब कक्षा 10वीं के छात्र थे, तो मालगाड़ी की जद में आने से पैर खोना पड़ा। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या कर सकते हो। इस पर भारत ने अपने कृत्रिम पैर से पूरी ऊर्जा और चुस्ती फुर्ती के साथ डांस करके मुख्यमंत्री को दिखाया। यह देख मुख्यमंत्री ने भारत की सराहना की। डिलमिली निवासी भारत मंडावी को कृत्रिम पैर मिलने से खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उसने बताया घर की खेती किसानी से लेकर स्कूटी भी चला लेता हूं। और शासन के दिव्यांग जनों को प्रदाय पेंशन एवं अन्य सहायता समय पर मिल जाने से काफी सहूलियत होती है।

### दुर्घटनाओं में खोया अंग वापस मिला

प्रभु सहाय, सुशील कश्यप, अर्खित रॉय ने अलग अलग दुर्घटनाओं में अपने हाथ और पैर खो दिए थे, जिन्हें आज मुख्यमंत्री ने नि:शुल्क कृत्रिम पैर और हाथ प्रदान किए । इन सभी के जीवन में उम्मीद की नई किरण आलोकित हुई है।

### कृत्रिम पैर मिलने से दिव्यांगों को मिली जीने की नई राह

*समाज कल्याण विभाग और महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम आड़ावाल में सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री साय ने दिव्यांगों को जयपुर कृत्रिम पैर एवं हाथ, ट्रायसिकल और अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस दौरान ग्राम साडगुड़ से कक्षा 6वीं की छात्रा कु. पुलम बघेल को कृत्रिम पैर मिला। कु. पुलम के पिता श्रीधर बघेल ने बताया कि 5 साल की आयु में बेटी का बायां पैर साइकल में फंस जाने के कारण उसमें सेप्टिक हो गया। यहां तक कि बच्ची का पैर कटवाना पड़ गया। उन्होंने बताया कि आज मुख्यमंत्री के समक्ष कृत्रिम पैर मिलने से बिटिया का जीवन आसान हो जाएगा। कृत्रिम पैर मिलने से उसे चलने फिरने, कहीं आने जाने में दिक्कत नहीं होगी। साथ ही वह खुद से अपने कामों को निष्पादित करने में सक्षम होगी।*

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने किया स्मार्ट स्कूल कार्यक्रम का शुभारंभ



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्राम आड़ावाल में संपर्क स्मार्ट स्कूल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एनजीओ के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार संबंधी कार्ययोजना के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। उन्होंने सम्पर्क फाउंडेशन के 6 वॉलेंटियर्स को शिक्षा किट वितरित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक किरणदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह मौजूद थे।

### बस्तर दशहरा में शामिल होंगे केंद्रीय गृहमंत्री और सीएम



**जगदलपुर।** राजधानी रायपुर में बस्तर दशहरा समिति द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा,उप मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप,कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े,जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल,भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय तथा भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं धमतरी महापौर रामू रोहरा को आमंत्रण प्रदान किया गया। सांसद ने कहा विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व के मुरिया दरबार विधान में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जगदलपुर आएंगे। सांसद कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी विशेष रूप से आमंत्रण प्रदान किया गया है। इस दौरान सांसद समेत उपाध्यक्ष बलराम मांझी, चालकी एवं अन्य समिति सदस्य,भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमन चौहान, देवेंद्र कश्यप एवं शशांक श्रीवास्तव की उपस्थिति रही।

### 40 चालकों को दिया गया लर्निंग लायसेंस



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ रजत जयन्ती के उपलक्ष्य में लर्निंग लायसेंस शिविर 8 एवं 9 सितम्बर को पुलिस लाइन में लगाया गया, जिसमें 40 चालकों को लायसेंस वितरण किया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे के नेतृत्व में आरटीओ कार्यालय के कर्मचारी शामिल रहे।

### एम्बुलेंस के अभाव में महिला ने झेली प्रसव पीड़ा

**कोंटा।** विकासखंड कोंटा के भेज्जी क्षेत्र के ओंदेरपारा की महिला मुचाकी सरिता को एम्बुलेंस सुविधा नहीं मिलने से प्रसव के लिए उसे परेशानी झेलनी पड़ी। महिला को चार दिन से प्रसव पीड़ा हो रही थी। जिसके बाद 102 को कॉल कर परिजनों ने सुविधा लेने चाही। जिसके बाद खराब सड़क मार्ग का हवाला देते हुए एम्बुलेंस को ओंदेरपारा नही भेजा गया। किसी तरह परिजन महिला कों कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर भर्ती कराया। अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में सुरक्षित प्रसव हुआ। महिला को कोंटा से इंजरम तक पहुंचा कर वहां उतार दिया गया।



### श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**जगदलपुर।** श्रम विभाग द्वारा रजत महोत्सव के तहत श्रमिकों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत शुक्रवार को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी ⏭ शेष पेज 12 पर

# युवाओं को पढ़ाई के साथ रोजगार के लिए आवश्यक कौशल विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- शासकीय काकतीय महाविद्यालय में रोजगार कार्यशाला

रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को एक दिवसीय रोजगार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को विभिन्न रोजगार अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव के संबोधन द्वारा हुई जिसमें उन्होंने युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ नौकरी के लिए आवश्यक कौशल विकास करने के लिए सुझाव प्रदान किए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि छत्तीसगढ़ की 25 वर्ष की यात्रा छोटी नहीं है तथा इसमें युवाओं का योगदान रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय ⏭ शेष पेज 12 पर



# लौह नगरी के दीदार से वंचित रह जाएंगे पर्यटक और नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

- सुरक्षा की दृष्टि से एनएमडीसी परियोजना ने विश्वकर्मा पूजा पर किरंदुल खदानों में प्रवेश पर लगाया प्रतिबंध

दंतेवाड़ा जिले में एनएमडीसी की किरंदुल खदान उत्कृष्ट लौह अयस्क के लिए प्रसिद्ध है। खदानों में प्रतिवर्ष विश्वकर्मा पूजा वृहद स्तर पर मनाई जाती है। बैलाडीला की खदानों में हजारों की संख्या में सैलानी विश्वकर्मा पूजा में हर वर्ष यहां आते हैं। इन खदानों में चल रहे खनन कार्यों व विशालकाय मशीनों तथा प्राकृतिक छटा का मनमोहक दृश्य का आनंद लेते हैं। किन्तु इस बार जिले में अत्यधिक बारिश और बाढ़ ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। बैलाडीला की पहाड़ियों पर भी भूस्खलन और सड़कों पर फिसलन बढ़ने की आशंका बनी रहती है। बैलाडीला की खदानों में मानसून के दौरान अत्यधिक बारिश और कोहरा छाया रहता है और भूस्खलन की संभावना बनी रहती है। खदानों में जाने के लिए खतरनाक मोड़ और सर्पिली रास्ते हैं। सैलानियों के जीवन की सुरक्षा और खनन कार्यों की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए किसी तरह की अप्रिय घटना न हो, इन्हीं सब कारणों से इस बार एनएमडीसी बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स प्रबंधन ने विश्वकर्मा पूजा पर आमजनों को माइन्स 14,11/सी,11/बी और अन्य संयंत्रों में आने-जाने और निजी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है।



### एक दिन ही प्रवेश की अनुमति

*गौरतलब है कि साल में एक बार विश्वकर्मा जयंती के दिन ही लोगों को लौह नगरी में प्रवेश की अनुमति मिलती है। इस साल सुरक्षागत सहित अन्य कारणों से इस बार अनुमति नहीं दी गई है।*

## कोंटा से किस्टाराम को सीधा कनेक्ट करने की दिशा में पहल

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र तुमालभट्टी में नया कैम्प स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

- कई प्रमुख नक्सलियों को मार गिराया तो बहुत ने किया सरेंडर

सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम तुमालभट्टी में नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया है । शासन के नियद नेल्ला नार योजना से क्षेत्र की ग्रामीणों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मानसून एवं कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षा बलों ने सभी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए यह कैंप स्थापित किया है। कोंटा से किस्टारम को सीधा जोड़ने की दिशा में बढ़ाए गये इस कदम को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। तेलंगाना राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र कोंटा गोलापल्ली किस्टाराम मार्ग में नवीन सुरक्षा कैम्प तुमालभट्टी में 8 सितम्बर को स्थापित किया गया। नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र में माओवादियों के अन्तर्राज्यीय गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। नक्सल विरोधी अभियान संचालन में तेजी आयेगी एवं आस-पास क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को विकासात्मक कार्य एवं मूलभूत सुविधायें सड़क, पुल पुलिया, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधा, पीडीएस दुकाने, शिक्षा, मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार की सुविधाएं मिल पाएंगी।



### इन अफसरों की रही अहम भूमिका

*जिला सुकमा के सुदूर क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन अभियान एवं विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने आईजी सुन्दरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप दंतेवाड़ा रेंज, सीआरपीएफ डीआईजी राजेश पांडेय कोन्टा रेंज के मार्ग-दर्शन एवं सुकमा एसपी किरण चव्हाण विजय शंकर कमाण्डेन्ट सीआरपीएफ 217 वाहिनी, दीपक कुमार श्रीवास्तव कमांडेंट 212 वाहिनी, दीपक कुमार कमांडेंट 207 कोबरा रोहित शाह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में सुकमा एवं तेलंगाना के सीमावर्ती क्षेत्र कोंटा गोलापल्ली किस्टाराम मार्ग में नवीन सुरक्षा कैम्प तुमालभट्टी स्थापित किया गया है।*

### वर्ष 2024 में 14 नए कैंप स्थापित

वर्ष 2024 से अब तक जिला सुकमा में नियद नेल्ला नार योजना अन्तर्गत कुल 14 नवीन सुरक्षा कैम्प टेकलगुड़ेम, पुवर्ती, मुकराजकोण्डा, दुलेड़, पुलनपाड़, लखापाल, तुमालपाड़, रायगुडेम, गोलाकोण्डा, गोमगुड़ा, मेटागुड़ेम, उसकावाया नुलकातोंग एवं तुमालभट्टी सुरक्षा कैम्प स्थापित किए गए हैं। सुरक्षा कैंप की स्थापना से क्षेत्र में सुरक्षा वातावरण सुदृढ़ होगा तथा ग्रामीणों को विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त होगा।

### 518 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना होने से नक्सल उन्मूलन में तेजी आई है। जिसके फलस्वरूप वर्ष 2024 से अब तक नक्सल विचारधारा को त्यागकर 518 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सुरक्षा बलों ने विभिन्न अभियानों में 63 माओवादी को मार गिराने व 447 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित हुई है।

# जीएसटी सुधार से जनता को राहत और उद्योग को नई उड़ान मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों के माध्यम से जनता और उद्योग जगत दोनों को बड़ी राहत दी है। चार स्लैब की जगह केवल दो स्लैब रहेंगे रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर कर शून्य और अनेक उत्पादों पर कर 10 प्रतिशत तक घटा दिया गया है। महापौर संजय पाण्डेय ने जारी बयान में कहा कि तेल, टूथपेस्ट, शैम्पू, मक्खन, पनीर, सिलाई मशीन, शिक्षा सामग्री, जीवन व स्वास्थ्य बीमा जैसी वस्तुएं और सेवाएँ अब सस्ती होंगी। किसानों को विशेष राहत देते हुए शैटर, हार्वेस्टर और रोटावेटर जैसे कृषि उपकरणों पर कर घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। कृषि की लागत घटेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर जीएसटी दरों में कमी से इन क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिलेगी। निर्यात और हस्तशिल्प क्षेत्र को विशेष लाभ होगा। इससे न केवल कारीगरों की आजीविका सुरक्षित होगी बल्कि भारतीय उत्पादों की मांग भी विश्व बाजार में और बढ़ेगी। महापौर ने कहा विपक्षी दल जीएसटी परिषद की बैठकों में कर दरें घटाने का विरोध करते हैं और बाहर आकर सरकार पर टैक्स बढ़ाने के आरोप लगाते हैं। यह जनता को गुमराह करने वाली राजनीति है। जीएसटी वास्तव में गुड एंड सिंपल टैक्स बन चुका है और इसे राजनीति का बंधक नहीं बनाया जाना चाहिए।



## खबर संक्षेप

### कैट के अशफाक प्रदेश उपाध्यक्ष इरफान बनाए गए प्रदेशमंत्री







**केशकाल।** कनफेडरेशन का ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर परवानी प्रदेश चेयरमेन विक्रम सिंहदेव प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन प्रदेश प्रमुख सलाहकार हाजी वली मोहम्मद कांकेर जिला कैट के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह द्वारा कांकेर एवं कोंडागांव जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री की नियुक्ति की गई। जिसमें कांकेर जिला से कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार फव्यानी, मुकेश खटवानी प्रदेश मंत्री गिरीश फब्यानी को बनाया गया है। कोंडागांव जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष अशफाक मेमन, मोहम्मद इरफान मुशानी प्रदेश मंत्री बनाया गया।

### संविदा पद के लिए आवेदन जारी

**कोण्डागांव।** भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, सरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति की शुरूआत की है। मिशन शक्ति के अंतर्गत जिला में 01 पद संविदा कार्यालय सहायक पद की पूर्ति के लिए 25 सितम्बर 2025 को 05:30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी आवेदन केवल रजिस्टर डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कक्ष क्रमांक 118 के सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाईट पर अवलोकन कर सकते हैं।

# वन शहीद दिवस पर वन रक्षकों, रेंजरों और अन्य कर्मियों की शहादत को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

वन रक्षकों और वन कर्मियों के बलिदान की स्मृति में नारायणपुर में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। खेजड़ली बलिदान की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन ने वन शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम का आयोजन वन कर्मचारी संघ के तत्वावधान में किया गया, जिसमें वनमण्डलाधिकारी ससिगानंदन, उपवनमण्डलाधिकारी उत्तर हीरेसिंग उइके, उपवनमण्डलाधिकारी दक्षिण राजेश कश्यप, विशिष्ट अतिथि वी.पी. शुक्ला, वीरभद्र देवांगन, पीलूराम बघेल, संघ अध्यक्ष तुलाराम नेताम सहित समस्त वनिकी परिवार उपस्थित रहा। इस अवसर पर अधिकारियों ने पर्यावरण और जैव विविधता की रक्षा में शहीद वन कर्मियों के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। वन अधिकारियों ने संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता फैलाने की बात कही और युवाओं से इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

## खेजड़ली बलिदान की स्मृति में वन कर्मियों ने अर्पित की पुष्पांजलि

### इतिहास की प्रेरणा खेजड़ली बलिदान

सन 1730 में राजस्थान के खेजड़ली गांव में अमृता देवी बिश्नोई और 363 लोगों ने खेजड़ी वृक्षों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस बलिदान को पर्यावरणीय आंदोलन का प्रारंभ माना जाता है, जो आज भी प्रेरणास्रोत बना हुआ है।



### 2013 में घोषित हुआ राष्ट्रीय दिवस

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वर्ष 2013 में 11 सितंबर को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस घोषित किया था। इसका उद्देश्य वनों और वन्यजीवों की रक्षा में शहीद हुए कर्मियों को स्मरण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है।



## सम्मानित : गांव-गांव में सम्मान, गली-गली में अभूतपूर्व स्वागत

# राज्यपाल सम्मानित शिक्षक शिवचरण साहू का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

■ शिक्षा, अनुशासन और समाजसेवा में वर्षों की साधना को मिला सम्मान

राजभवन में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने शिवचरण साहू को राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। सम्मान पाकर लौटे शिक्षक शिवचरण साहू का उनके गाँव और विद्यालयों में नागरिकों, शिक्षक–शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने रामधुनी मंडली के साथ गली–गली भ्रमण कर भव्य स्वागत किया। गाँववासियों ने अपने पूर्व शिक्षक की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

वर्तमान में शिवचरण साहू कोंडागांव जिले के शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मड़ानार में 8 वर्षोंर् से सेवाएँ दे रहे हैं। इससे पहले उन्होंने जमरुवा में 5 वर्ष और मंगवाल में 10 वर्ष तक कार्य किया। अनुशासन, नवाचार और दूरदर्शी सोच से उन्होंने विद्यालयों में उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण तैयार किया है। वे विद्यार्थियों के सवांगीण विकास और सामाजिक कायोर्ं के लिए निरंतर सक्रिय रहे हैं।



### मड़ानार शाला परिवार ने किया सम्मान

शाला परिवार मड़ानार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सरपंच बलदाई नेताम, उपसरपंच हेमेसवरी, शाला समिति अध्यक्ष जयराम और बीईओ मनोज दुबे मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान संकुल में नवपदस्थ शिक्षकों का स्वागत और अन्य विद्यालयों में स्थानांतरित शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता उग्रेस मरकाम, हेमंत मरकाम, सहायक शिक्षक श्रीमती शशिप्रभा, मोरजध्वज चंद्राकर और राज्यपाल सम्मान 2025 के लिए चयनित शिक्षक हीरालाल चूरेंद्र व सूरज नेताम को भी स्मृति चिन्ह और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

### न्यौता भोज और फल वितरण

इस अवसर पर शिवचरण साहू, उनकी पत्नी शिक्षिका हीना साहू और परिवार ने सभी बच्चों और अतिथियों के लिए स्वरुचिपूर्ण भोज की व्यवस्था की। वहीं पूर्व विद्यालय जमरुवा में फल वितरण कर विद्यार्थियों के साथ खुशी साझा की। सम्मान समारोह में प्रधान अध्यापक पी.एल. नाग, शिक्षिका आरती बेर, रंजीता तिग्गा, ललिता समरथ, प्रधान प्राचार्य एस.पी. मंडावी, मनोज फिलिप, रघुनाथ यादव, भेलकु कोर्राम, गोकुल दीवान, जलन पटेल, रामानंद, हरिराम नेताम, तुलेस्वर नाग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और भूतपूर्व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# चिचाड़ी पुल में तीन वाहनों की टक्कर एक बाइक सवार युवक की हुई मौत





हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

■ फरसगांव थाना पुलिस जुटी जांच में

नेशनल हाइवे 30 पर गुरुवार की शाम करीब 5 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा है। हादसे में तीन वाहनों के टक्कर होना बताया जा रहा है। हादसे में एक होंडा बाइक क्रमांक सीजी 27 आर 2906 के चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही इस दूसरा डीलक्स बाइक क्रमांक सीजी 04 पीजे 0959 के सामने का चक्का बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। पर बाइक चालक को मामूली चोट आई है। टक्कर के बाद बाइक से करीब 100 मीटर दूर गिरा हुआ था, युवक का शव रोड में ही पड़ा हुआ था। हादसे के बारे कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया है। फरसगांव पुलिस हादसे के कारणों का पता कर रही है। पुलिस ने मृतक की पहचान माकड़ी क्षेत्र के ग्राम भीरिंडा निवासी मुकेश यादव पिता गणेश यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक चिचाड़ी गया गया था, वापस आने के दौरान हादसा हो गया। पुलिस ने मृतक के शव पोस्टमार्टम हेतु चीरघर में रखवाया गया है।

### पहले पिकअप ने मारी टक्कर

सुरक्षित डीलक्स बाइक सवार युवक ने अनुसार किसी अज्ञात पिकअप वाहन ने पहले होंडा साइन बाइक को टक्कर मार दी। जिसके बाद वह डीलक्स बाइक से टकरा गया। टक्कर के बाद युवक दूर जा गिरा और उसकी बाइक करीब 100 मीटर दूर में रगड़ते हुए जा गिरी। फिलहाल फरसगांव थाना पुलिस दोनों बाइक को जब्त कर मृतक के शव को चीरघर में रखवाकर दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे है।

# नरहरपुर में 14 को ठाकुर जोहारनी समारोह की भव्य तैयारी, मुख्यमंत्री साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर/सरोना

आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का गौरवशाली पर्व ठाकुर जोहारनी इस बार और भी विशेष होने जा रहा है। जिले के नरहरपुर ब्लॉक में स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में इस पर्व के भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। खास बात यह है कि इस अवसर पर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 सितंबर दिन रविवार को स्वयं उपस्थित होकर समाज के साथ इस परंपरागत पर्व की गरिमा को और बढ़ाएंगे।

■ विधायक नेताम, कलेक्टर क्षीरसागर ने आयोजन स्थल सेकंडरी स्कूल मैदान का किया निरीक्षण

जानकारी के अनुसार दो दिन पहले विधायक आशाराम नेताम, कलेक्टर निलेश क्षीरसागर, सीईओ हरेश मंडावी एवं अन्य अधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया था और संबंधित विभाग को तैयारी करने का निर्देश दिया था, उसी के तहत तैयारी शुरू हो गई है। कार्यक्रम स्थल नरहरपुर हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में मंच निर्माण और साज-सज्जा का कार्य तेजी से चल रहा है। मंच को पारंपरिक रंग-रोगन और आदिवासी झलकियों से सजाया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि इस बार मंच पर समाज की सांस्कृतिक धरोहर को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम में शामिल होने से पूरे आदिवासी समाज में उल्लास और उमंग का वातावरण है। बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला मंडल और युवा संगठन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं।



### प्रशासन भी जुटा तैयारी में

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी सक्रियता से तैयारियों में जुटे हैं।



### समाज में उत्साह का माहौल

आदिवासी समाज के नरहरपुर ब्लॉक अध्यक्ष सगे सिंह वट्टी ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर समाज के बीच हर्ष और उत्साह का माहौल है। आदिवासी समाज के कलाकारों द्वारा पारंपरिक नृत्य, गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। खासतौर पर जोहारानी पर्व के पारंपरिक गीत गूंजेंगे, वहीं युवाओं और महिलाओं की टोली अपने पारंपरिक परिधान में सांस्कृतिक झांकी प्रस्तुत करेंगे।



# नपं के स्वच्छताकर्मियों को भेंट देकर शिक्षक व शिक्षिका ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

नगर पंचायत के स्वच्छताकर्मियों का सम्मान करते हुए शिक्षक संतोष पात्र और उनकी पत्नी निर्मला पात्र ने अपने परिजनों के साथ गुरुवार की शाम कार्यालय में जाकर कार्य कर रहे स्वच्छता कर्मियों का सम्मान करते हुए उन्हें टी शर्ट का वितरण किया। स्वच्छता कर्मियों के कार्यों के तारीफ करते हुए उनका मुंह मीठा करवाया गया । शिक्षक और शिक्षिका ने कहा कि नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मियों की जितनी तारीफ की जाए, उतनी कम है। स्वच्छताकर्मी दिनभर मेहनत से हमारे नगर को साफ सुथरा रखते हैं। उनके कार्यों से समाज स्वच्छ और सुंदर बनता है । इनके कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है । इससे पहले भी इनके द्वारा नगर के स्वच्छता दीदीयों को भी साड़ी भेंट कर उनका सम्मान किया जा चुका है।

# कोंडागांव में 'आदि कर्मयोगी अभियान' के तहत उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

10 सितम्बर को जनपद पंचायत कोंडागांव के सभागार भवन में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स ने जनप्रतिनिधियों एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अभियान के उद्देश्य और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जनपद पंचायत कोंडागांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी उत्तम महोबिया, अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर, अन्य जनपद सदस्य और ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

विदित हो कि केंद्र सरकार के धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से देश में 20 लाख आदि कर्मयोगी कैडर तैयार किए जाएंगे, जो ग्राम स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। 2 से 4 सितम्बर तक ड्रिरिक्ट मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण ड्रिरिक्ट प्रोसेस लैब वन विभाग काष्ठागार भवन, कोंडागांव में आयोजित किया गया था। अब चयनित क्लस्टरों में ब्लॉक प्रोसेस लैब का आयोजन होगा।



### ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स देंगे ग्राम कैडर को प्रशिक्षण

ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स के रूप में दीपक कुमार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, यादवेन्द्र सिंह यादव व्याख्याता, शिक्षा विभाग, श्रीमती जयमति कश्यप महिला एवं बाल विकास, गीतेश्वर वर्मा अधीक्षक, आदिवासी विकास विभाग, राजेश कुमार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और धीरेन्द्र मिश्रा वन विभाग को जिम्मेदारी दी गई है।

# पति-पत्नी की फोटो वायरल करने की धमकी दी, समझाने पर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 121 जानकी नगर में पति एवं पत्नी के साथ युवक ने मारपीट किया। आरोपी युवक ने पति एवं पत्नी की फोटो चुपके से अपने मोबाइल में रख लिया। उक्त फोटो को वायरल कर देने की धमकी देते हुए परिवारिक जीवन को तहस नहस कर दूंगा की धमकी देने लगा। आरोपी को समझाया गया तो वह नही माना और मारपीट करने पर ऊतारू हो गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 121 जानकी नगर निवासी 32 वर्षीय कार्तिक बैद्य ने पुलिस को बताया कि मेरे मोबाइल में फोटो था, जिसमें मै और मेरी पत्नी थे। उस फोटो को आरोपी अनूप मंडल अपने मोबाइल में ले लिया। आरोपी ने उसके बाद मेरी पत्नी को साथ आने और नहीं आएगी तो मैं जो मोबाईल में फोटो लिया हूं उसको वायरल कर दूंगा, तेरे पारिवारिक जीवन का तहस नहस कर दूंगा बोला था। मेरी पत्नी ने बताया, तब मैं 10 सितंबर को सुबह 8 बजें अनूप मंडल के घर गया, जो घर में नहीं मिला। मैने उसकी मां को बताया तुम्हारे लड़के को समझा देना, हमारे फोटो को कहीं वायरल नहीं करेगा।

# नारी सशक्तिकरण अभियान में महिलाओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

महिला केंद्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। विशेष जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शाउमावि पोटगांव में किया गया। अभियान में बालिकाओं को उनके स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित विभिन्न जानकारियां जैसे खान-पान, शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए जरूरी पोषक तत्वों की आवश्यकता इत्यादि की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, घरेलू हिंसा, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, नोनी सुरक्षा योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम आदि योजनाओं के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दिया गया।




# तीन दुकानों के ताले टूटे, समान पार, अज्ञात चोरों की है तलाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कोरर थाना क्षेत्र के तीन दुकान में चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने तीनो दुकान में रखे समानों को चोरी किया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। कोरर थाना में शिकायत करते पहुंचे कन्हारपुरी निवासी 26 वर्षीय तरूण पोटाई पिता लोकेश्वर पोटाई ने पुलिस को बताया कि मेरे भाई अरूण ने कन्हारपुरी चौक में पान पैलस डेली नीड्स का दुकान है। रोज की तरह मेरा भाई 9 सितंबर की रात 9 बजें दुकान को बंद करके घर आया। अगले दिन 10 सितंबर को सुबह 6 बजें अनिल ध्रुव ने फोन करके बताया कि आपके दुकान का ताला टूटा हुआ है। जानकारी मिलने पर बड़े भैया तरूण के साथ दुकान में जाकर देखे, दुकान के शटर का लॉक व ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर घुसकर देखा तो फ्रीजर बडा वाला कीमत 25 हजार यपएं, दुकान में विभिन्न कंपनी के रखे गुटखा कीमत 1000 रूपएं के, सिगरेट 500 रूपएं , गुडाखू 200 रूपएं, चॉकलेट 200 रूपएं, बिस्किट 200 रूपएं, चिप्स और कुरकुरे 600 रूपएं कुल कीमत करीबन 27 हजार 700 रूपएं का समान अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया।

## पेज 11 के शेष

### युवाओं को पढ़ाई...

की आवश्यकता है चीन एवं अमेरिका के समान भारत में उद्योग एवं बाजार को मजबूत बनाकर वैश्विक स्तर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र का गठन किया जाना है। इस प्रक्रिया में युवाओं को अपने कौशल एवं अनुसंधान द्वारा योगदान देना है। उन्होंने अपने वक्तव्य में भेड़ चाल से हटकर अपनी एक अलग पहचान बनाने की सलाह सभी छात्र-छात्राओं को प्रदान की। उन्होंने यह भी बताया कि महाविद्यालय एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अनुबंध द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को इस योजना में पंजीयन के तहत विभिन्न प्रकार के लाभ प्राप्त हो सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्राध्यापक दुर्गेश कोट्टंगले ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक रहे मोहन सोलंकी। कार्यक्रम का संचालन किया डॉली परवीन, तृप्ति मांडवी, अखिलेश चंदेल निवेदिता क्वेरी ने। **कालेज की पढ़ाई के बाद करें कौशल विकास-** कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता के रूप मे शिक्षु प्रशिक्षण मंडल पश्चिमी क्षेत्र मुंबई के सोनू ऊके उपस्थित थे। उन्होंने अपने वक्तव्य में केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित कार्यक्रम का विस्तारपूर्वक विवरण प्रदान किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सरकार द्वारा युवाओं को लाभान्वित करने के लिए इस कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। युवाओं को ग्रेजुएशन के बाद 5 साल की अवधि तक 6 महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा विभिन्न निजी क्षेत्र की कंपनियों में। आर्थिक सहायता के लिए उन्हें 6 महीने स्टाइपेंड के रूप में प्रति माह 9000 सहयोग राशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने अपने वक्तव्य में छात्रों को इस योजना में पंजीयन की पूरी प्रक्रिया प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाई। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया कि वे कॉलेज शिक्षा के पश्चात,अपने कौशल में विकास के लिए इन अवसरों का लाभ उठाकर अपने आप को देश की प्रगति में समर्पित करें । उन्होंने इस वेबसाइट के माध्यम से युवाओं को पंजीकृत होने का सुझाव दिया।

### श्रमिकों के लिए...

सभागार में श्रमिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्रम पदाधिकारी भूपेंद्र नायक ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का उद्देश्य श्रमिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर में श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच पूरी तरह से निःशुल्क होगी, और यह सुबह 11बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।

## खबर संक्षेप

### एक पेड़ मां के नाम में किया पौधरोपण



**भानपुरी।** हायर सेकंडरी स्कूल फरसागुड़ा में एक पेड़ मां के नाम के साथ पौधरोपण किया गया। जिसमें संस्था के प्राचार्य विकास पाठक,घनश्याम पांडे सहित इको क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

### वोट चोरी शब्द असंसदीय भाषा का प्रतीक : राहुल

**दंतेवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी ने कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार वोट



चोरी शब्द का इस्तेमाल करने पर अपना ऐतराज जताते हुए कहा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में शुचितापूर्ण संसदीय शब्दों का अभाव है। कांग्रेस हमेशा ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है, जिनका जुड़ाव कहीं न कहीं असंसदीय भाषा से होता है। उन्होंने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में एक है और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का वैश्विक सम्मान है और कांग्रेस ऐसे वोट चोरी शब्द का इस्तेमाल करके हमारी लोकतांत्रिक शक्तियों पर सवाल खड़ा करके ओछी राजनीति कर रही है।

### समृद्धि को बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट का मिला अवार्ड



**गीदम।** दन्तेवाड़ा जिले के गीदम नगर में रहने वाली ईवी मेकओवर की संचालिका समृद्धि सौरभ पारख को इंडियन एक्सलेंस अवार्ड से नवाजा गया। आयोजित कार्यक्रम में समृद्धि को बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी, जरीन खान एव ब्राजील के मशहूर मेकअप आर्टिस्ट अलकंतरा के द्वारा बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट का अवार्ड दिया गया। इस उपलब्धि के बाद स्थानीय लोगों ने समृद्धि को बधाई दी है। समृद्धि बताती है कि इस सफलता का श्रेय वह अपने पति सौरभ पारख, भतीजे यश पारख अपने परिवार एव ईवी मेकओवर की पूरी टीम को देती है, उनके सहयोग और विश्वास के बिना यह सफलता सम्भव नही थी। समृद्धि ने गीदम नगर में पिछले 11 वर्षों पहले इवी मेकओवर की नींव रखी और मेहनत एव लग्न से कई मुकाम हासिल किए, जिसमे मुंबई में प्रसिद्ध मेकअप गुरु अनुराग आर्यवर्धन एव बॉलीवुड आइकॉन माधुरी दीक्षित के हाथों इंडियन एक्सलेंस आवार्ड से सम्मानित हुई।

### शिक्षक ने साबुन बैंक को किया सहयोग



**भोंड।** बस्तर विकासखण्ड के मावलीगुड़ा के सहायक शिक्षक उमाशंकर साहू ने अपने जन्मदिन को सामाजिक समर्पण के रूप में मनाते हुए, प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा में संचालित साबुन बैंक को 50 लाइफबॉय साबुन, एक बाल्टी और एक मग डोनेट किया।

# वन विभाग के शहीद कठिन परिस्थितियों में कर्तव्य को सर्वोपरि मानते बलिदान दियाः जाधव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

■ वन शहीद दिवस पर एक पेड़ शहीदों के नाम कार्यक्रम हुआ



वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग दंतेवाड़ा द्वारा आज राष्ट्रीय वन शहीद दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिले के समस्त वन अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्यालयीन स्टाफ ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए वीरगति को प्राप्त शहीद वनकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। हर वर्ष 11 सितम्बर को मनाया जाने वाला यह दिवस उन वनकर्मियों की स्मृति को समर्पित है जिन्होंने वनों और प्राकृतिक संपदा की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस बार दंतेवाड़ा वनमंडल के शहीद वनकर्मी स्व. रामेश्वर पांडे, स्व. हरिबंदु वनपाल, स्व. जगदीशचंद्र मरकाम वनरक्षक, स्व. व्हीपी शास्त्री वनपाल, स्व. अंगलपल्ली पांडू वनपाल तथा स्व. रथराम पटेल वनक्षेत्रपाल को नमन किया गया।

कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद एक पेड़ शहीदों के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। यह पहल शहीदों की स्मृति को जीवित रखने और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाने का प्रतीक बनी। मुख्य अतिथि वनमंडलाधिकारी दंतेवाड़ा डॉ. सागर जाधव ने अपने संबोधन में कहा वन विभाग के शहीद हमारे लिए गौरव और प्रेरणा हैं। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए बलिदान दिया। पौधरोपण केवल श्रद्धांजलि नहीं बल्कि यह संकल्प है कि उनकी यादें हरियाली के रूप में सदैव जीवित रहेंगी।

इस अवसर पर उपवनमंडलाधिकारी गीदम व्हीएन नाग, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, वन कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष राजेश कर्मा एवं विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों के योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में नागरिकों से अपील की गई कि वे भी पेड़-पौधे लगाकर और उनकी देखभाल कर शहीदों के सपनों को साकार करने में सहभागी बनें।

## बच्चों ने किया टीमवर्क व तर्कशक्ति का प्रदर्शन

# गणित बना रोचक और आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

■ विद्यार्थियों ने गणित को समझने का नया अनुभव प्राप्त किया

आस्था विद्या मंदिर जवांगा में आयोजित 5 दिवसीय साइंस कैम्प के तीसरे दिन के आयोजन उत्साह और जोश से सम्पन्न हुआ। इस दिन की थीम गणित का मज़ा खेल और मॉडल के साथ रही। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों और प्रयोगों के माध्यम से यह अनुभव किया कि गणित केवल संख्याओं और सूत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल, मॉडल और जीवन की हर परिस्थिति में उसका रोचक स्वरूप दिखाई देता है।

आज के सत्रों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कुआकोंडा तथा पीएमश्री पोटाकेबिन गुमड़ा, गीदम के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों में हिस्सा लिया और गणित को समझने का नया अनुभव प्राप्त किया। प्रथम सत्र कक्षा 6-8 में बच्चों ने ₹जो दिखता है वह हमेशा सच नहीं होता जैसी मजेदार एक्टिविटी, पहाड़ा बिना गुणा करने की विधि, त्रिभुज और चतुर्भुज के कोणों का योग सिद्ध करना, आयत व त्रिभुज का क्षेत्रफल निकालना तथा ए+बी के सूत्र को पेपर कटिंग के माध्यम से समझा। इसके अलावा बच्चों ने पेपर ट्यूब और प्रोट्रैक्टर की मदद से अल्टीमीटर बनाकर ऊँचाई नापना सीखा और जूतों के माप से उम्र बताना जैसी मनोरंजक गतिविधि भी की। द्वितीय सत्र कक्षा 9-12 में छात्रों ने प्राकृतिक संख्याओं के योग को ग्राफ पेपर से सिद्ध किया तथा प्लेट और धागे का उपयोग कर पाई का मान निकालने का प्रयास किया।

साथ ही गणित का उपयोग रसायन विज्ञान के समीकरण संतुलन में कैसे किया जा सकता है, यह भी प्रदर्शित किया गया। सत्रों के अंत में क्विज़ प्रतियोगिता एवं मेडल वितरण किया गया। इसमें बच्चों ने प्रतिस्पर्धात्मक भावना, टीमवर्क और तर्कशक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर से वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी सुश्री प्रज्ञा कदम समन्वयक साइंस कैम्प ने कहा गणित को रोचक और आनंददायक तरीके से प्रस्तुत करना ही इस सत्र का उद्देश्य रहा। जब बच्चे सूत्रों और सिद्धांतों को खुद प्रयोग करके सीखते हैं, तो उनमें आत्मविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण स्वतः विकसित होता है।



### कोणों का योग निकालना अब आसान

छात्रा महिमा नेगी और सोनी मरकाम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुआकोंडा ने कहा मुझे यह अनुभव बहुत अच्छा लगा। त्रिभुज का क्षेत्रफल और कोणों का योग निकालना अब मेरे लिए बहुत आसान हो गया है। सर ने हमें खेल-खेल में गणित समझाया, जिससे डर नहीं लगा और सीखना मजेदार बन गया। कैम्प का चौथा दिन कंप्यूटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर केन्द्रित रहेगा। बच्चों ने तकनीकी गतिविधियों और खेलों के माध्यम से न केवल कंप्यूटर प्रोग्रामिंग के मूलभूत सिद्धांतों को समझा बल्कि एआई और मशीन लर्निंग की प्रारंभिक अवधारणाओं से भी परिचित हुए।

### भूरसुंडी उच्च प्राथमिक शाला का निरीक्षण



भोण्ड। भोण्ड विकासखंड बस्तर के अंतर्गत बस्तर डाइट के शिक्षक बेनूराम, भाजी राम द्वारा उच्च प्राथमिक शाला भुरसुंडी का निरीक्षण यिा गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यालय में बच्चों की अभिव्यक्ति कौशल, शैक्षणिक उपलब्धियों एवं सीखने की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान बच्चों से सीधा संवाद कर उनकी समझ, रचनात्मकता और शैक्षिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही कक्षा-कक्ष की गतिविधियों एवं शिक्षकों के शिक्षण विधियों पर भी ध्यान दिया गया। बच्चों ने खुले मन से प्रश्नों के उत्तर दिए और अपनी सीखने की प्रक्रिया को साझा किया, जिससे उनकी अभिव्यक्ति क्षमता स्पष्ट रूप से सामने आई। निरीक्षण टीम ने शिक्षकों को बच्चों में अभिव्यक्ति कौशल को और अधिक विकसित करने के लिए प्रेरित किया तथा छात्रों को भी नियमित अभ्यास और सहभागिता हेतु उत्साहित किया। विद्यालय स्टाफ एवं छात्रों के बीच संवाद की यह पहल शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक सराहनीय प्रयास के रूप में देखी जा रही है।

## योजनाओं की समीक्षा करते कार्यो में प्रगति लाने के दिए निर्देश



हरिभूम न्यूज ⏭ बीजापुर

■ कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभागवार कार्यो की प्रगति की जानकारी ली तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में नियद नेल्लानार गांवो के कैम्प नोडल को आवश्यक जानकारियों को सतत रूप से अद्यतन करने सहित शतप्रतिशत सैचुरेशन के लिए निर्देशित किया गया जिसमें जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित जाति, निवास, आधार कार्ड, हितग्राहियों के बैंक खाता की जानकारी ली। उक्त गांवो में बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, आंगनबाड़ी जैसे अद्योसंरचना के प्रगति के बारे में विभागवार जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुआवजा, आरबीसी 6-4 सहित राहत शिविर तथा बाढ़ में क्षतिग्रस्त मकानों के लिए आवास निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जल-जीवन मिशन, विद्युत विभाग सहित सभी महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, सीएमओ नगरीय निकाय एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

## मंदिर परिसर क्षेत्र बना नशेड़ियों का ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली



बचेली थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध राम मंदिर जो कभी भक्तों के लिए शांति और अध्यात्म का केंद्र था। आज नशेड़ियों के अड्डे में तब्दील हो गया है। यह चिंताजनक स्थिति पिछले कई दिनों से जारी है, जिसे स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में चिंता पैदा कर दी है।

मंदिर के पुजारी कृष्ण कुमार कर ने बताया मंदिर के आसपास का क्षेत्र जो कभी पवित्र अनुष्ठानों के लिए समर्पित थी आज नशेड़ियों का ठिकाना बन गई है। ये लोग दिन भर यहां बैठ कर नशे का सेवन करते है। जो न केवल मंदिर की पवित्रता को भंग करता है बल्कि आने वाले भक्तों विशेष कर महिलाओं की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुजारी ने थाने में भी शिकायत की पुलिस द्वारा नियमित चक्कर लगाये जाने पर कुछ दिनों के लिए नशेड़ियों के आवागमन में विराम लग जाता है, फिर स्थिति जस का तस बन जाता है।

## 16 आदिवासी युवा तकनीकी प्रशिक्षण के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल



किरंदुल कॉम्प्लेक्स के रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक के निर्देशन एवं केएल नागवेणी उप महाप्रबंधक मानव संसाधन के मार्गदर्शन से एनएमडीसी सीएसआर कार्यक्रम के तहत एवं सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सीपेट के सहयोग से दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले के अनुसूचित जनजाति के 16 युवाओं को स्कील डेवलपमेंट ट्रेनिंग हेतु हैदराबाद प्रशिक्षण तृतीय चरण में बस से आज रवाना किया गया। इससे पहले परियोजना प्रबंधन द्वारा दो चरणों में युवाओ को भेजा जा चुका है।

प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को प्लास्टिक और पालिमर प्रौद्योगिकी में तकनीकी शिक्षा, ट्यूशन, प्रशिक्षण, आवास, भोजन इत्यादि निःशुल्क दिया जाएगा। यह कार्यक्रम जनजाति युवाओं को उद्योग प्रासंगिक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नगर सेना में चयनित हुए 9 छात्र, कलेक्टर ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



जिला प्रशासन द्वारा संचालित सक्षम कोचिंग ने एक बार फिर विद्यार्थियों को सफलता दिलाकर यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और समर्पित प्रयास से बड़े बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। कोचिंग में अध्ययन कर रही 9 छात्राओं का चयन नगर सेना में हुआ है, जिन्हें लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल है।

सक्षम कोचिंग के नोडल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक के नेतृत्व में छात्रों को नियमित अध्ययन सामग्री, मार्गदर्शन और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार प्रशासन के अधिकारी स्वयं कोचिंग में जाकर पढ़ाते हैं, जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षा और कैरियर मार्गदर्शन मिल रहा है। इसके साथ ही कोचिंग में लाइब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि छात्र अध्ययन में आवश्यक संसाधनों का उपयोग कर सकें और अपनी तैयारी को और सशक्त बना सकें। चयनित छात्राओं ने जब कलेक्टर से भेंट की, तो उन्होंने सभी चयनित छात्राओं को सफलता पर बधाई और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कलेक्टर ने कहा कि सक्षम कोचिंग जैसी पहल से युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है। यह प्रशासन की प्रतिबद्धता है कि प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए।

## हितग्राहियों से चर्चा कर आवास निर्माण में आ रही समस्याओं का कर रहे निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



बीजापुर जिले की ग्रामीण क्षेत्रों में सुदूर बसाहट और प्रधानमंत्री आवास निर्माण में आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सहित हितग्राहियों को निर्माण में आ रही समस्याओं से अवगत होकर निराकरण हेतु जिला प्रशासन एक रणनीतिक पहल की है। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चैबे ने पीएम आवास के निर्माण में प्रगति लाने ग्राम पंचायत वार नोडल नियुक्त किए गए हैं।

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9,721 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिन्हें जल्द पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि वंचित और जरूरतमंदों को उनके सपनों का आशियाना मिल सके। इस पहल के बाद नोडल अधिकारी एवं तकनीकी अमले अपने आबंटित ग्राम पंचायत में जाकर प्रत्येक हितग्राही से आवास निर्माण में आ रही समस्याओं की जानकारी लेते हुए समाधान हेतु कार्यवाही भी कर रहे हैं। जिले में सुदूर बसाहट के चलते निर्माण सामग्री की उपलब्धता, आवास निर्माण हेतु राजमिस्त्री, हितग्राहियों को समय पर राशि भुगतान में आ रही तकनीकी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण हो पा रहा है।

## शिक्षिका ने बच्चों को कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

बस्तर विकासखंड के अंतर्गत माध्यमिक शाला सोरगांव में पदस्थ शिक्षिका लमिता मौर्य ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया। शिक्षिका पहले जन्म दिवस का उत्सव सहेली-मित्रों संग मनाती रही हैं, किंतु इस वर्ष संस्था प्रमुख देवेंद्र सिंह चौहान से प्रेरणा लेकर उन्होंने अपने विद्यालयीन बच्चों के बीच यह दिन मनाने का निर्णय लिया। न्योता भोज से पूर्व बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। भोजन में बच्चों को अंडा एवं पनीर की सब्जी परोसी गई। इस अवसर पर बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ जन्म दिवस मनाया और शिक्षिका के इस कदम की सराहना की। कार्यक्रम में बस्तर खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन, सोरगांव के सरपंच शशिधर भारती, संकुल समन्वयक डमरू दास पंत, सालेमेटा संकुल समन्वयक परमेश्वर ठाकुर, तथा संस्था के शिक्षक रमेश बघेल, चम्पेश्वर पाण्डेय, भूपेंद्र मरकाम सहित संकुल परिवार के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षिका की इस प्रेरणादायी पहल को सभी ने सराहनीय और अनुकरणीय बताया।

# जर्जर विद्यालय बना खतरनाक, छात्रों की पढ़ाई पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा/ बस्तर

■ विद्यालय की स्थिति को लेकर विभाग को कई बार अवगत कराया गया





विकासखंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भवन जर्जर हालत में पहुंच चुका है। छत से आए दिन प्लास्टर झड़ने और दीवारों में दरारें पड़ने से छात्र-छात्राओं में भय का माहौल बना हुआ है। किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका जताई जा रही है।

विद्यालय प्राचार्य द्वारा इस गंभीर स्थिति की जानकारी कई बार पत्र के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी और विभागीय अधिकारियों को दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पूर्व सरपंच डमरूधर बघेल ने कहा कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थिति को लेकर विभाग को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन शासन-प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

वहीं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा वर्तमान शासन तो स्कूल या स्कूल भवन जैसे महत्वपूर्ण मांगों को फालतू समझकर अनदेखा कर रहा है। मेरे द्वारा भी विभाग और अधिकारियों को सूचित किया गया तथा उनसे चर्चा भी की गई, लेकिन इस शासन में आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह बहुत ही सोचने वाली बात है।

विद्यालय के प्राचार्य दिलीप देवांगन ने अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा कि हम कर ही क्या सकते हैं। सूचना खंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, विभाग, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय मंत्रियों सभी को लिखित में दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। गांव में छात्र-छात्राओं के पालक प्रतिदिन इस विषय पर पूछताछ कर रहे हैं। छात्र-छात्राओं में भय का माहौल है और दूसरा विकल्प भी नहीं है।

ग्रामीणों और पालकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय भवन की मरम्मत अथवा नया भवन निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाए, ताकि छात्र-छात्राओं की शिक्षा बाधित न हो और वे सुरक्षित वातावरण में अध्ययन कर सकें।

**न्यायालय तहसीलदार भानपुरी**
**जिला बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक/ तह./जन्म-मृत्यु/2025
भानपुरी दिनांक, / /2025

**// उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुकलो मौर्य पिता स्वर्गीय नोहरू मौर्य जाति भतरा निवास ग्राम कुंगारपाल तहसील भानपुरी के द्वारा अपने पिता नोहरू मौर्य पिता नरसिंग मौर्य का मृत्यु दिनांक 18.10.2008 को होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 23.09.2025 तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
भानपुरी

समक्षः– न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी,
जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं जगरनाथ राणा पिता रामचंद्र राणा उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम पाहुरनार (हल्बा पारा) पो. छिन्दनार, तहसील बारसूर, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) शपथपूर्वक कथन करता हूं कि

1. यह कि मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 9730 7146 4686 में जिसमें मेरे पुत्र का नाम अपेसर राना पिता जगरनाथ APESAR RANA S/O JAGARNATH एवं जन्मतिथि 01.01.2009 अंकित है, जो कि गलत एवं त्रुटिपूर्ण है।
2. यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम अपेश्वर राणा पिता जगरनाथ राणा APESHWAR RANA S/O JAGARNATH RANA एवं जन्मतिथि 07.12.2006, है, जो मेरे पुत्र के नाम से जारी स्कूली कागजातों एवं अन्य कागजातों पर अंकित एवं प्रमाणित है।
3. यह कि उक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम अपेसर राना पिता जगरनाथ APESAR RANA S/O JAGARNATH एवं जन्मतिथि 01.01.2009 के स्थान पर वास्तविक एवं सही अपेश्वर राणा पिता जगरनाथ राणा APESHWAR RANA S/O JAGARNATH RANA एवं जन्मतिथि 07.12.2006, सुधार कर अंकित किया जावें।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र आधार कार्ड में नाम एवं जन्मतिथि सुधार करवाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठापूर्वक घोषणा करता हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक में उल्लेखित समस्त विवरण मेरे स्वतः के ज्ञान से सत्य एवं सही है। यह सत्यापन मैंने आज दिनांक 10.09.2025 को स्थान दंतेवाड़ा में सत्यापित कर हस्ताक्षरित किया।

सत्यापनकर्ता

# 125 एकड़ जमीन पर कब्जा करने वाले 10 वन अतिक्रमणकारियों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के भानपुरी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पीपलावंड के अतिक्रमण कारियों ने प्रोटेक्ट फॉरेस्ट 1089 पर 125 एकड़ जमीन पर कब्जा किया था। सभी 10 आरोपियों जिला सत्र न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सुनवाई के बाद रिमांड में केंद्रीय जेल भेजा गया। सरपंच केशव, उप सरपंच, पंचगण एवं अन्य ग्रामवासी 100 से अधिक संख्या में लोग स्वयं से लिखित में आवेदन प्रस्तुत किया कि यह एक सीख कि कोई भी अतिक्रमण करेगा या शासकीय संपत्ति का नुकसान करेगा उसे छोड़ा नहीं जाएगा। सभी अतिक्रमणकारियों को बार-बार समझाइए देने के बाद भी वह कभी नहीं माने जिससे अब वह जेल की सलाखों के पीछे हैं। वर्तमान परिवेश में पर्यावरण की गंभीरता को देखते हुए लोगों को स्वयं सोचना होगा कि हम जलवायु परिवर्तन का सामना कैसे करेंगे और हमारी आने वाली पीढ़ी भी कैसे करेगी यदि ऐसी चलता रहा तो हम कुछ भी नहीं बचा पाएंगे। इनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए ऐसी मांग की साथ ही उन्हें ग्राम सभा के माध्यम से भी कई बार समझाइए दी गई। कब्जा हटाने को तैयार नहीं थे, उस पर 12 एवं 13 अगस्त को वन विभाग की टीम ने इस 125 एकड़ के क्षेत्र को जेसीबी की सहायता से वाटरपिट का निर्माण किया एवं उनके द्वारा जो भी फेंसिंग कार्य किया था उन सभी को जप्त किया।

## ग्रामवासियों ने कहा कि अतिक्रमणकारियों को छोड़ा नहीं जाएगा



### कार्रवाई में कर्मी की अहम भूमिका

इस कार्रवाई को पूर्ण करने में मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा के निर्देशन, वन मंडल अधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में उप वन मंडल अधिकारी आईपी बंजारे के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र अधिकारी भानपुरी डॉ. प्रीतेश कुमार पाण्डेय, वन परिक्षेत्र अधिकारी करपावंड सौरभ रजक, डिप्टी रेंजर ओमप्रकाश, डोमू राम नेताम, बुदरु राम कश्यप, जयदेव मौर्य, परिसर रक्षक अरुण नाग, हेमंत मोर्य, योगेश रामटेक, छेंदउ राम, नृपेंद्र गौतम, धरम ठाकुर, साथ ही बस्तर वन परिक्षेत्र से सूरज कश्यप, सगराम बघेल, सुभाष, करपावंड रेंज के कमलोचन बघेल एवं विष्णु कश्यप की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### हड़तालियों ने किया सुंदरकांड पाठ



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी संघ की 25 दिनों से जारी अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी है। गुरुवार को एनएचएम संगठन की ओर से राज्य शासन को सद्बुद्धी देने के लिए सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम रखा गया, जिसमें माता रानी के प्रतिमा के समक्ष अपनी वेदना और मांगों अर्पित किया। संगठन ने अपनी मांगों को लेकर मांई जी से अनुनय विनय प्रार्थना की। सुंदरकांड कार्यक्रम में बस्तर जिले के सभी 904 कर्मचारी शामिल रहे, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के टीबी विभाग द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया था। संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले द्वारा बताया कि हड़ताल आगे भी जारी रहेगा जब तक सरकार हमको लिखित में कुछ नहीं देती।

### लापरवाही के कारण छात्रा हुई घायल

**जगदलपुर।** शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम में अचानक सीलिंग फॉल्स गिरने से एक छात्रा को सिर पर चोट लग गई। अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य बस्तर विभाग संयोजक शैलेष ध्रुव ने मीडिया को जारी किए गए बयान में आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस के भूपेश सरकार के काल में सभागार को बाहर से सौंदर्यकरण किया गया,परंतु गुणवत्ताहीन कार्य हुआ था। पीजी कॉलेज के सभागार में किसी न किसी विषयों को लेकर प्रतिमाह कार्यक्रम हो रहे थे, सभागार में किसी भी प्रकार से क्षतिपूर्ण या सभागार की स्थिति खराब ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा था। क्योंकि भूपेश बघेल की सरकार के समय ही पीजी कॉलेज के सभागार का जीर्णोद्धार किया गया था। कांग्रेस सरकार ने अपने ठेकेदारों को ईमानदारी का पाठ पढ़ाया होता तो आज सीलिंग फॉल्स नहीं गिरता और छात्रा बहन अस्पताल में नहीं होती।



### नेशनल लोक अदालत के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ का गठन किया गया है। जिस हेतु पीठासीन अधिकारी जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीजापुर, विकास सर्वे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैरमगढ़, यशवंत नाग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भोपालपटनम, भूपेन्द्र कुमार गावरे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उसूर, पंचराम सलामे तहसीलदार बीजापुर, भोज कुमार डहरिया तहसीलदार गंगालूर, लक्ष्मण कुमार राठिया तहसीलदार भोपालपटनम, अंकित राजपुत तहसीलदार उसूर एवं सूर्यकांत धरत तहसीलदार भैरमगढ़ तथा कुटरू को नियुक्त किया गया है।

## एलूमनी मीट में 100 छात्र-छात्राओ ने अपने अनुभव साझा किए

# विवि की पहचान विद्यार्थियों की योग्यता, उपलब्धियों और समाज में दिए योगदान से होती है : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह 2025 के उपलक्ष्य में गुरुवार को एलुमिनी सेल एवं पीएम ऊषा के द्वारा एलुमिनी मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के करीब सौ पूर्व छात्र-छात्राओं ने पुनः अपने विश्वविद्यालय में आकर अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय की पहचान विद्यार्थियों की योग्यता, उपलब्धियों और समाज में दिए गए उनके योगदानों से होती है। विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रो श्रीवास्तव ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र मेरु विश्वविद्यालय है, जहाँ वर्तमान में 29 विभाग एवं 44 अकादमिक कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। पूर्व विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों में शिक्षा अर्जित की है। अब यह विवि वृहद व्यवस्था के साथ श्रेष्ठ बनने की ओर अग्रसर है। कुलपति ने भूतपूर्व विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे विश्वविद्यालय की करिकुलम में सुधार को लेकर सुझाव दें तथा यदि किसी के पास स्टार्टअप आइडिया हो तो विश्वविद्यालय के आईएसफ एवं इनक्यूबेशन सेंटर से जुड़े। विवि उनका पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि विवि का लाइब्रेरी एलूमिनी के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगी और उनके लिए विशेष आई-कार्ड की व्यवस्था होगी, जिससे वे पुस्तकों का लाभ ले सकेंगे। साथ ही उन्होंने भविष्य में एलूमिनी सेंटर की स्थापना की भी जानकारी दी।

कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी ने कहा कि जब विश्वविद्यालय से पढ़े विद्यार्थी जीवन में ऊँचाइयाँ प्राप्त करते हैं। यह पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय होता है। उन्होंने कहा कि जिस स्कूल और कॉलेज में जीवन और कैरियर की बुनियाद मजबूत की होती हैं वहां एलुमुनाई बनकर आने पर आनंद की सुखद अनुभूति होती है। कार्यक्रम संयोजक एवं प्राध्यापक डॉ स्वपन कुमार कोले ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा शोध,नवाचार और समाज कल्याण के लिए तत्पर है। विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर विशेष व्याख्यान और गतिविधियाँ आयोजित कर उन्हें नए अवसरों से जोड़ा जाता है। एलुमिनी मीट पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों को एक-दूसरे से जुड़ने व पुरानी स्मृतियों को फिर जीने का अवसर देता है।

## विवि वृहद व्यवस्था के साथ श्रेष्ठ बनने की ओर अग्रसर




### एलूमिनी की सक्रिय भागीदारी ही विश्वविद्यालय की असली पूंजी

इसी तरह एलुमिनाई में डॉ सुनीता कोरी,मानव विज्ञान में नेट उत्तीर्ण पूर्व छात्रा सबाना बेगम,बीएड के पूर्व छात्र सूरज यादव,अनुभा डे विश्वास सहित अन्य ने विचार रखे। डॉ समीर ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि एलूमिनी की सक्रिय भागीदारी ही विश्वविद्यालय की असली पूँजी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार से जुड़े रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ कुश नायक ने किया। इस अवसर पर प्रो एमएस मिश्रा,डॉ विनोद कुमार सोनी,डॉ सुकृता तिर्की,डॉ सजीवन कुमार,डॉ संजय कुमार डोंगरे सहित अन्य उपस्थित थे।

### पूर्व छात्र-छात्राओं ने दी सीख

पीएम ऊषा समन्वयक प्रो शरद नेमा ने कार्यक्रम के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि एलूमिनी विश्वविद्यालय की ताकत होते हैं। उन्होंने पूर्व विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने अनुभवों को जूनियर्स तक पहुँचाएँ और उन्हें मार्गदर्शन दें। बीएड के पूर्व छात्र अशोक ने कहा कि इस विवि ने शिक्षा के साथ गांव में लाईब्रेरी प्रारंभ करने जैसी समाजसेवा की भी सीख मिली। फॉरेस्ट्री एंड वाइल्ड लाईफ की छात्रा आकांक्षा ने कहा कि विवि अध्ययन के दौरान रिसर्च पर बहुत ध्यान दिया गया था। मन में वैज्ञानिकी का भाव आया। स्मृति पाढ़ी ने कहा कि विवि से जुड़ी ढ़ेर सारी यादें अभी भी ताजा हैं। रोमा राय ने कहा कि फ्यूचर सभी विषयों में है।

## दो सहायक प्राध्यापकों की महत्वपूर्ण उपलब्धि





**जगदलपुर।** शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय कंप्यूटर अनुप्रयोग अध्ययन शाला के दो सहायक प्राध्यापकों डॉ तेज बहादुर चंद्रा, राजेश्वरी नेताम को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। छत्तीसगढ़ परिषद् विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी,रायपुर द्वारा बस्तर क्षेत्र के नियाद नेल्लनार गांवों की महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों के लिए डिजिटल मोबाइल बैंकिंग अपनाने पर प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम शीर्षक परियोजना को विज्ञान एवं समाज कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य बस्तर अंचल के नियद नेल्लानार क्षेत्र की महिलाओं एवं स्व-सहायता समूहों को डिजिटल और मोबाइल बैंकिंग सेवाओं के उपयोग इसके लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता प्रदान करना है। परियोजना के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं को वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे वे आधुनिक डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकें। परियोजना का संचालन शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के कंप्यूटर अनुप्रयोग अध्ययन शाला के विभागाध्यक्ष डॉ तेज बहादुर चन्द्रा के नेतृत्व में किया जाएगा। डॉ चन्द्रा ने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं और स्व-सहायता समूहों को डिजिटल लेन-देन की प्रक्रिया, मोबाइल बैंकिंग,यूपीआई,ऑनलाइन भुगतान और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय को बस्तर क्षेत्र में डिजिटल साक्षरता और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। परियोजना के क्रियान्वयन से न केवल महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र में डिजिटल समावेशन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

## आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आज मां दंतेश्वरी हवाई अड्डे पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद महेश कश्यप, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव राहुल भगत पहुंचे हैं। हवाई अड्डे पर विधायक किरण देव, विनायक गोयल, महापौर संजय पांडेय, पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदर राज पी., कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों का स्वागत किया।

# 35 वन कर्मियों को शहीद दिवस पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- वन कर्मियों ने वनों, वन्य जीवों की रक्षा के लिए दिया प्राणों का बलिदान

वन विभाग 11 सितंबर को पूरे भारत वर्ष में वन शहीद दिवस मनाया गया। इस तारतम्य

राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर जगदलपुर वृत्त कार्यालय जगदलपुर के प्रांगण में वीरों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने हमारे जंगलों, वनों और वन्यजीवों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है। वन शहीदों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अवैध शिकार, वनों की कटाई और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वनों की सुरक्षा और संरक्षण हमारे भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वनों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है और वन्य जीवों के लिए आवास मिलता है। आज के दिन उन वन शहीदों को याद करते हैं जिन्होंने अपने जीवन को वन संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। वनों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए काम करें। वन शहीदों के बलिदान को याद करें और उनकी याद में वृक्षारोपण करें। सब मिलकर वनों को बचाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य बनाएं।

### सीएम व वन मंत्री से की मांग

राष्ट्रीय मीडिया सचिव आल इंडिया फॉरेस्ट वाइल्ड लाईफ एवं बस्तर संभागी अध्यक्ष अमित कुमार झा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप से मांग की कि जिस तरह तेलंगाना राज्य में वन की रक्षा करते हुए शहीद हुए कर्मचारियों को एक करोड़ की राशि एवं उनके बच्चों को 12 वीं कक्षा तक की पढ़ाई निःशुल्क देती है वैसे ही योजना छत्तीसगढ़ राज्य में भी प्रारंभ किया जाए।

# दशहरा में तैयारी को लेकर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर दशहरा के आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्था के संबंध में जिला कार्यालय में बैठक की गई । जिसमें दशहरा समिति के अध्यक्ष एवं सासंद महेश कश्यप, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण सिंह देव, बस्तर माटी पुजारी कमलचंद भंजदेव, ब्रेवरेज कारपोर्शन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, विधायक विनायक गोयल,चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडेय, कमिश्नर डोमन सिंह, आई जी सुंदरराज पी सहित सातों जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

# नगरनार मंडल में सेवा पखवाड़ा पर दी गई जानकारी

जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी नगरनार मंडल के ग्राम मारकेल में आज सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डे ने उद्धबोधन में सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर 2 अक्टूबर के सम्बन्ध में स्वच्छता अभियान,एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांग और विशिष्ट अतिथियों का सम्मान में विस्तार से बताया । इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, उपाध्यक्ष शिमांचल दास, लालाराम पटेल, मोहन सेठिया, सविता साहनी, सुनीता बेसरा , संगीता महाराणा, महामंत्री राजेश शर्मा, मनोज पटेल, सुरेश ठाकुर, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप देवांगन, पूर्व मंडल



अध्यक्ष अर्जुन सेठिया, घनश्याम सेठिया, कल्याण ठाकुर, तुलसीराम देवांगन, राधेश्याम पन्द्रे, रघुराम सेठिया, जनपद सदस्य शिर्ति शर्मा, सरपंच जयंती कश्यप, महादेव बाकडे,मोरध्वज सेठिया, जितेंद्र बाकडा, महेंद्र बघेल, नारायण ठाकुर, सूरज नाग, लक्ष्मी घरत, तुलाराम सेठिया, गंगाराम आदि उपस्थित रहे ।

## मुख्यमंत्री पहुंचे बाफना के निवास, जताया शोक...



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व विधायक संतोष बाफना के निवास पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक संतोष बाफना की माता सोनीबाई बाफना का निधन कुछ दिन पूर्व हुआ था। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण सिंह देव, विनायक गोयल सांसद महेश कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने शोक संवेदना व्यक्त की ।

# मुआवजा, पुनर्वास राहत समय में जरूरी : चांद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- बाढ़ प्रभावित लोगों को मुआवजा देने मुक्ति मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को मुआवजा एवं अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों के मांगों को लेकर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद मोर्चा के पदाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर सीपी बघेल को ज्ञापन सौंपा। कहा गया कि मुआवजा, पुनर्वास, राहत कार्यों के साथ प्रभावित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना समय के साथ जरूरी है ।

सैकड़ों परिवारों के घर पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। इसलिए प्रत्येक परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा प्रदान किया जाए।

ज्ञापन में कहा गया कि बाढ़ से कई पुल और पुलिया जो पिछले 6 महीने या 1 वर्ष में बने थे, बह गए हैं। इन निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। अतः मांग करते हैं कि इस पर समिति गठित कर तत्काल जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

शहर के बीचों-बीच लगभग 15000 वर्गफुट भूमि को एक समाज को लीज पर देने की प्रक्रिया चल रही है। इस भूमि का उपयोग यदि बेरोजगार युवाओं को दुकानों हेतु उपलब्ध कराया जाए तो अनेक परिवारों को आजीविका का साधन मिल सकता है। इस विषय पर पुनर्विचार कर यह भूमि युवाओं और आम नागरिकों के हित में आवंटित की जाए। उन्होंने कहा है कि ज्ञापन सौंप कर प्रशासन से कार्यवाही की मांग की गई है। इस दौरान आकाश जान, निहारिका सिंह, प्रिया यादव, अलका नादन, नीलांबर भद्रे, कमल बघेल, कृष्ण कुमार, धन सिंह बघेल, मेहताब सिंह, हिमांशु आनंद गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

